हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 21 अप्रैल 2024



EXPERT COACHING CLASSES
NEET / IIT-JEE INSTITUTE
Summer Classes
Batches Starting from 22nd April-2024
10th / 11th / 12th ICSE / CBSE / CG BOARD
ECC EXPERT COACHING CLASSES Learn From The Best
2 Yrs. Course
11th + NEET / JEE
12th Board+ NEET / JEE
Classes Start from 11 Apr. 2024
FOUNDATION
Learn NEET / JEE
8th 9th 10th
Classes Start from 11 Apr. 2024
REGULAR CLASSES
8th 9th 10th
11th 12th
ICSE / CBSE / CG BOARD
Classes Start from 11 Apr. 2024
Bal Bharti Public School Campus, Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441

### तीन घंटे के भीतर 10 किमी के दायरे में दोनों नेताओं की सभा, तैयारियां पूरी

# कुमरदा में योगी की सभा, मोहड़ में प्रियंका करेगी कांग्रेस के लिए प्रचार

### 24 अप्रैल को प्रचार का अंतिम दिन, इससे पहले दोनों दलों ने झोंकी अपनी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की सबसे हाइप्रोफाइल सीट बन चुकी राजनांदगांव लोकसभा का रण जीतने के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही पूरा जोर लगा दिया है। लगातार प्रचार अभियान के क्रम में अब आज दोनों दल अपने स्टॉर प्रचारकों की एक सभा आयोजित करने जा रही है।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए जहां वोट मांगने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ एक जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व सीएम भूपेश बघेल के लिए प्रचार करने राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी वाड्रा की एक सभा मोहड़ में आयोजित की गई है। खास बात यह है कि दोनों ही नेताओं की सभाएं दस किलोमीटर के दायरे में आयोजित की गई है। ऐसे में एक ही दिन दोनों नेता उस इलाके के मतदाताओं को अपने दल के लिए साधते नजर आएंगे।






#### स्थल चयन के पीछे यह गणित

डोंगरगांव और खुज्जी विस के मध्य 10 किमी के दायरे में दोनों नेताओं की सभा कराने के पीछे जो कारण बताया जा रहा है, वह यह है कि यहां से डोंगरगांव सहित खुज्जी और मोहला-मानपुर के मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने की कोशिश होगी। वहीं डोंगरगांव ऐसी विधानसभा है, जहां अभी दोनों ही दल बराबरी की लड़ाई में फंसे हुए हैं। ऐसे में दोनों ही दल इस इलाके के मतदाताओं को अपने तरफ करने पूरा जोर लगा रहे हैं।

#### 12 बजे आएंगे योगी, 30 हजार की भीड़ जुटाने लक्ष्य

मिली जानकारी के अनुसार यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब 12 बजे कुमरदा पहुंचेंगे। यहां वे सभा को संबोधित करने के बाद करीबन एक घंटे बाद लौट जाएंगे। सभा में प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय समेत डिप्टी सीएम और आधे से अधिक मंत्री शामिल रहेंगे। भाजपा इस सभा में 30 हजार लोगों को जुटाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। बताया गया कि डोंगरगांव, खुज्जी, मोहला-मानपुर के साथ ही डोंगरगढ़ और राजनांदगांव के लोग भी सभा में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे।

#### प्रियंका की ढाई बजे सभा, पायलट ने देखा स्थल

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के लिए प्रचार करने प्रियंका गांधी दोपहर करीब ढाई बजे मोहड़ पहुंचेंगी। उनसे पहले शनिवार को स्थल और तैयारियों को देखने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट यहां पहुंचे। प्रियंका की जनसभा में सचिन पायलट सहित प्रदेश कांग्रेस के आधा दर्जन वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। इस सभा में कांग्रेस लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभाओं से लोगों को सभा स्थल तक लाने की प्लानिंग पर काम कर रही है।

## वनांचल में मितानिनें भरवा रही कांग्रेस का फार्म, दस के खिलाफ नोटिस जारी

### कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना का फार्म भरवा रही थी मितानिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

लोकसभा क्षेत्र के मोहला-मानपुर विधानसभा में कांग्रेस का प्रचार कर रही मितानिनों पर कार्रवाई की गई है। यह मितानिन लोगों से कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना का फार्म भरवा रही थी। प्रशासन की टीम ने मौके पर दबिश देकर कार्रवाई करते आठ लोगों को नोटिस भी जारी की गई।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रचार करने का आरोप लगने के बाद हाल ही में मोहला-मानपुर जिले में एक कार्रवाई की गई है। इसके बाद फिर एक ऐसा ही मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार यह महिलाएं मोहला-मानपुर के गोटाटोला ग्राम में एक सरकारी भवन में बैठकर महिलाओं से कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में जारी की गई महालक्ष्मी योजना का फार्म भरवा रही थी। इसी दौरान अफसरों के अलावा कुछ भाजपा नेता भी मौके पर पहुंच गए थे। इन महिलाओं से सवाल-जवाब करने पर वे संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाई। जिसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।



#### 10 लोगों को नोटिस जारी

एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य ने बताया कि गोटाटोला में मितानिनो द्वारा कांग्रेस का प्रचार किया जा रहा था। जिसके बाद मौके पर दबिश देकर कार्रवाई की गई है। कुल 10 लोगों को नोटिस जारी की गई है।

#### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को भी नोटिस

मिली जानकारी के अनुसार वनांचल में ही एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के खिलाफ भी कांग्रेस का प्रचार करने को लेकर कार्रवाई की गई है। बताया गया कि नवागांव फड़की में आंगनबाड़ी सहायक के रूप में कार्यरत अम्लेश्वरी प्रधान कांग्रेस का प्रचार कर रही थी। जिसकी शिकायत के बाद उन्हें नोटिस जारी की गई है। इसके साथ ही इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए एक प्रतिवेदन भी जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा गया है।

#### की गई कार्रवाई

राजनीतिक दल का प्रचार करने को लेकर एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी की गई है।
- अमितनाथ योगी, एसडीएम, मानपुर

## पुलिस की दबिश, तस्करों से सवा 3 लाख का गांजा जब्त

### बायपास रोड में कर रहे थे बस का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बायपास मेन रोड में थैले में गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहे दो व्यक्तियों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों के पास से लगभग 40 किलो 7 सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत लगभग सवा तीन लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशव पर थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया निर्विघ्न, शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों एवं अवैध गांजा, शराब एवं नशीले पदार्थों की बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्व कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत 19 अप्रैल को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि नांदगांव बायपास के पास मेन रोड़ पर दो व्यक्ति गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहे हैं। इस सूचना की तस्दीकी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस स्टॉफ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपियों का नाम-पता पूछने पर अपना-अपना नाम व पता रमेश सेठी 35 वर्ष साकिन अस्का थाना अस्का जिला गंजाम (उडीसा) एवं रूचिता कुमार 31 वर्ष साकिन प्लाट नं. 405 रूम नं. 1 कांशी नगर बमरोली रोड़ पांडेसरा जिला सूरत शहर गुजरात बताया।



#### कोतवाली ने की कार्रवाई

आरोपियों के खिलाफ धारा 20(बी) नारकोटिक्स एक्ट कायम कर 20 अप्रैल को दोनों आरोपियों को ज्यूडिशयल रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया।

**दो थैला में रखे थे गांजा :** आरोपियों की तलाशी लेने पर एक कपड़ा का लाईनदार सफेद काला रंग का थैला के अंदर 25.090 किग्रा मादक पदार्थ गांजा एवं नगदी 950 रुपए तथा एक नायलोन का लाईनदार लाल-पीला-बैंगनी रंग का थैला के अंदर 15.610 किग्रा मादक पदार्थ गांजा एवं नगदी रकम 580 रुपए, इस प्रकार कुल 40.700 किग्रा मादक पदार्थ गांजा एवं नगदी रकम 1530 रुपए जुमला कीमती 3,21,530 रुपए मिला, जिसे आरोपियों के कब्जे से जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध सबूत पाए जाने से मौके पर गिरफ्तार कर हिरासत में लिया।

## मोपेड में शराब ले जाते एक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नशीले पदार्थों के परिवहन एवं अवैध बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने मोपेड में अवैध रूप से शराब ले जा रहे आरोपी को पकड़ा। आरोपी से 50 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 को थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार इसी कड़ी में 19 अप्रैल को रात्रि में पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक काले रंग का होंडा एक्टिवा में शराब रखकर बिक्री हेतु कल्याणपुर की ओर ले जा रहा है।

**घेराबंदी कर पकड़ा**

सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कल्याणपुर पुल के पास नाकाबंदी एवं घेराबंदी कर आरोपी शैलेष घोष 48 साल साकिन कल्याणपुर को काले रंग का होंडा एक्टिवा में अवैध रूप से शराब परिवहन करते पकड़ा। आरोपी से एक बैग में रखे 50 पौवा शोले देशी प्लेन कीमती 4500 रुपए एवं होंडा एक्टिवा स्कूटी को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का कार्रवाई किया गया।

## गांव में ईवीएम का दुष्प्रचार कर रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

ईवीएम मशीन की जगह बैलेट पेपर से चुनाव नहीं कराने पर चुनाव बहिष्कार करने का दबाव बना रहे एक अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरखेड़ा निवासी गोविन्द वालको पिता नवल साय वालको 58 साल थाना औंधी क्षेत्र में आदिवासियों को आगामी लोकसभा चुनाव को ईव्हीएम मशीन की जगह बैलेट पेपर से कराने हेतु क्षेत्र में भड़काने का काम कर रहा है। जगह-जगह मीटिंग कर लोगों को ईवीएम मशीन के बारे में अनर्गल बातें कर अनावश्यक भड़काने के साथ-साथ चुनाव बहिष्कार करने के लिए लोगों को उकसा रहा था। पुलिस ने गोविंद बालको को डोमीकला कैंप के समीप गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व भी गोविंद वालको द्वारा धार्मिक अशांति फैलाए जाने के कारण आसपास के लोगो में काफी रोष है। गोविन्द वालको को धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय मानपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपी गोविन्द वालको को 8 दिवस के न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध
ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न,
• धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

20 वर्षों का प्रतिष्ठित नाम
NN COMPUTER SHOP
Complete CCTV Security System
व्यापार, घर, आफिस को सुरक्षित बनाये



CP PLUS Intelligent Security Systems
UNV Uniview Technologies
घर से बाहर होने पर भी घर पर नजर कैसे रखें...
मात्र ₹ 10,900/- 2 CAMERA SET
❖ H.D. CCTV कैमरे
❖ I.P. CCTV कैमरे
❖ फूल कलर कैमरे
कैमरा लगवाने हेतु संपर्क करें...
प्रिंटर एवं लैपटॉप
रिपेयरिंग सुविधा उपलब्ध
*नियम व शर्तें लागू
Only 3900/-
Wireless Wifi Camera
NN COMPUTER SHOP
अन्नपूर्णा रेंस्टॉरेंट के सामने, मानव मंदिर चौक, राजनांदगांव
☎ 07744 407622 📱 92000 53819

**खबर संक्षेप**

### हनुमान जन्मोत्सव 23 को बिहरीकला में

**अंबागढ़ चौकी।** ग्राम पंचायत बिहरीकला में आगामी 23 अप्रैल को युवा संगठन, बजरंगदल के सौजन्य से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुवात प्रातः 4 बजे हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ होगा। दोपहर 2 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।शाम 6 बजे भंडारा एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। तत्पश्चात जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार फिंगेश्वर की प्रस्तुति होगी।

### बूथ की महिलाओं का सम्मान



**डोंगरगढ़।** प्रदेश एवं जिला भाजपा के मार्गदर्शन में शहर मंडल ने वार्ड 11 में महतारी वंदन की लाभार्थियों से संपर्क करते हुए बैठक आहूत किया। बैठक में मोदी सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए बूथ प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने महिलाओं को संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष अमित जैन ने महिलाओं को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया। मंडल उपाध्यक्ष अचला ठाकुर ने सभी महिलाओं का सम्मान किया। इस मौके पर उमा महेश वर्मा, कमलेश काले, विनय बंसल, सुरेश शर्मा, विमल ठाकुर, पूनम सिंह ठाकुर, इंदु यादव, संतोषी यादव, दुर्गासिंह, तरुणसिंह आदि उपस्थित थे।

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बघेरा, तहसील राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव स्थित, पटवारी हल्का नंबर 18 रा. नि. मं.- घुमका, में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर- 325/1, 328/1, 329, 332, 333/2 कुल रकबा 4.00 एकड़ है और जिसकी ऋण पुस्तिका क्रमांक पी-100698 है, के सन्दर्भ में भूमि मालिक भीषम कुमार पिता सहिस राम और श्रीमती प्रतिमा साहू पति श्री भीषम कुमार, निवासी बोरसी, दुर्ग के साथ मेरे पक्षकार श्री संतोष पांडेय पिता स्व. अमृत लाल पांडेय निवासी राजनांदगांव का लिखित अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा भूमि क्रय हेतु बड़ी राशि का भुगतान भीषम कुमार को किया गया है। इस सम्बन्ध में मेरे पक्षकार को ऐसा ज्ञात हुआ है कि विक्रेता द्वारा अन्य लोगों से भी उक्त खसरा नंबर की भूमि बिक्री हेतु अग्रिम राशि लेकर बेचने की बात कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि यदि उक्त खसरा नंबर की भूमि खरीदी बिक्री हेतु कोई भी लेनदेन मेरे पक्षकार के अतिरिक्त किसी अन्य के भी द्वारा किया जाता है तो यह गैरकानूनी और अवैध होगा तथा उसके भावी परिणामो के लिए वह स्वतः जिम्मेदार होगा।

**सतीश कुमार त्रिपाठी**
अधिवक्ता (उच्च न्यायालय)
मो.9755597215
वास्ते श्री संतोष पांडेय
निवासी, राजनांदगांव

### शराब बेचते आरोपी पकड़ाया

**डोंगरगढ़।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई कर 19 अप्रैल को आरोपी शेख सलीम पिता शेख बशीर साकिन इंदिरा नगर वार्ड 5 को श्रीराम हॉस्पीटल के पास शराब बिक्री करते हुए पकड़ कर 17 पौवा देशी प्लेन एवं 05 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद किया। उसके पास से 200 रूपए जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### धूमधाम से मनेगा जन्मोत्सव

**मुसराकला।** ग्राम पंचायत धुसेरा में हनुमान जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई जाएगी। सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ होगा। तत्पश्चात श्री राम प्रस्तुति एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। रातापायली वालों का रामायण का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के हरि निषाद, कौशल सेन, मुनेश्वर वैष्णव, शालेन्द्र सिन्हा, कल्याण दास साहू, अनुकदास साहू, रूपेश सिन्हा, यशकुमार साहू सहित अन्य ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

## नेताओं का दौरा जारी, गांव और गलियों में कार्यकर्ताओं की बढ़ी सक्रियता

# बढ़ी लोकसभा के आम चुनाव की सरगर्मियां







हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडेय के लिए समर्थन में जनसभा लिया। उन्होंने जनसभा में कहा कि भूपेश बघेल को प्रदेश की जनता ने जनविरोधी कार्यों के कारण सत्ता से बाहर किया है। जनाधार खोने के बाद उन्हे वोट मांगने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग पूर्व की घोषणाओं को पूरा नहीं कर सके वह अब एक लाख देने की बात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विष्णु देव सरकार ने मात्र 100 दिन में 2 साल का बकाया बोनस, महतारी वंदन के तहत 1000 की दो किश्त, किसानों को धान का 917 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एक मुश्त भुगतान किया। सभा में रामकुमार गुप्ता, धनराज ठाकुर, जिपं सभापति इंदुमती साहू, जिपं सदस्य जागृति यदु, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, सरिता ढीमर, विजय जैन, दिनेश साहू, दीलिप साहू, दुर्गेश सिन्हा, भैयालाल, किशोर यादव, मोहन साहू, राजा साहू, पूनम साहू, चुनेश्वर साहू, भुवन साहू आदि मौजूद थे।

### महिलाओं को मिलेगा एक लाख

**लालबहादुर नगर।** डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के चुनाव प्रचार अभियान से अब तक गति पकड़ लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की जीत सुनिश्चित करने के लिए गत दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गुलाब वर्मा ने हीरापुर, मोतीपुर, पटपर, रामाटोला, गोविंदपुर, नारायणगढ़, लाल बहादुर नगर, मेढ़ा, मुरमुंदा, पिपरिया में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने तपती धूप के बीच गांव पहुंचकर ग्रामीणों को मुख्यमंत्री के रूप में बघेल द्वारा 5 वर्षों में किए गए विकास कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनती है तो घोषणा के अनुसार बीपीएल परिवार के एक महिला को हर साल एक लाख, मनरेगा के मजदूरों को 400 रूपए रोजी, पेंशन राशि 1000 दिया जाएगा। इस मौके पर शिवकुमार सेन, प्रमोद वैष्णव, कृपाल सिंह, प्रीति वैष्णव, मदन मोहन साहू, माधोराम देवदास, भोजराम उइके, चुम्मन साहू, राजू साहू, रामदास साहू, रवि कुमार, देवलाल साहू मौजूद थे।

### बूथ मजबूत करने कार्यकर्ता सक्रिय

**सड़क अतरिया।** मतदान के लिए अब गिनती के दिन ही शेष है। चुनावी मैदान के भाजपा- कांग्रेस के बीच रस्साकशी बढ़ गई है। प्रत्याशी की जीत के लिए कार्यकर्ता ऐड़ी चोटी एक कर चिलचिलाते धूप में प्रचार करने जुटे है। इसी कड़ी में भाजपा के विधानसभा प्रभारी कोमल जंघेल, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, खम्हन ताम्रकार वनांचल का दौरा कर प्रत्येक बुथ को मजबुत करने बैठक, डोर टु डोर और हाट बाजार में मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। जमीनी कार्यकर्ता का चार्ज कर बूथ की पकड़ मजबुत करने का प्रयास किया जा रहा है। युवा मोर्चा कार्यकर्ता भी प्रचार प्रसार में लगे हैं। वनांचल के निजाम सिंह मंडावी, संतोष ठाकुर, ललित सोनी, अनुज साहू, आनंद पटेल सहित अन्य हर बूथ में लीड लेने का प्रयास कर रहे हैं।

### श्रीमती पांडेय ने मांगा समर्थन

**डोंगरगढ़।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में वार्ड 11 मां बम्लेश्वरी वार्ड में उनकी धर्मपत्नी रेखा पाण्डेय ने जनसंपर्क किया। इस मौके पर जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष किरण साहू, विजेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेश शर्मा, कमलेश काले, अचलासिंह ठाकुर, विनय बंसल, पूनम सिंह ठाकुर, विमल सिंह ठाकुर, संतोषी यादव, इंदु यादव, दुर्गा सिंहा, तरुण सिंह आदि उपस्थित थे।

### प्रियंका की सभा में जाएंगे कार्यकर्ता

ढारा सेक्टर में गत दिनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को भारी बहुमत से जिताने और डोंगरगांव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की 21 अप्रैल को होने वाली आमसभा में जाने पर चर्चा किया गया। बैठक में ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, शामशाय टांडेकर, गौतम वर्मा, पिन्टु वर्मा, सतानंद कंवर, अभिषेक सेन, पिला साहू, ईश्वर राम, हरक पटेल, प्रितम साहू, सामसिंग मंडावी, हरिचंद, बिसनाथ कंवर, रामकुमार आदि शामिल हुए।

### डोर टू डोर जनसंपर्क

**तुमड़ीबोड़।** जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री महेन्द्र यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में तुमडीबोड, आरगांव, आलीखुटा, कोपेडीह, मचानपार, खैरी में डोर टू डोर जाकर प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार की वादा खिलाफी और कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि लोगों को गरीबी से उबारने के लिए गरीब परिवार की महिलाओं को हर साल एक लाख देने का निर्णय लिया है।

# चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में परीक्षा परिणाम की घोषणा शुक्रवार को संस्था प्रमुख अनिल रुपलानी ने किया।

कक्षा केजी वन में पियुषा गौतम प्रथम, नव्यता कुंभकार एवं रक्षा गुप्ता दूसरे, अयान मेश्राम एवं प्रीशा वैष्णव तीसरे, आर्यन कांदे चौथे तथा नित्या देवांगन ने पांचवा स्थान हासिल किया।

इसी प्रकार कक्षा नर्सरी में आरव चक्रधारी, नियांश कुंभकार, मोक्ष पटेल, लावण्या निषाद, आव्या पंसारी,



झलक नेति, हर्षिता यादव प्रथम, अविका कुंवर, अनय गुप्ता, रूद्र देवांगन दूसरे, हिमानी, महेश्वरी तीसरे, शौर्य साबला चौथे, निखिलेश जांगड़े पांचवे स्थान पर रहे। कक्षा प्ले में आरव जैन, द्रव्या जैन, सावी जैन, सानवी साहू, दिलीशा साहू, मेहुल भट्ट, एलीना सलामे, मानवी जैन, संस्कार, शशांक, प्रणव सिंह, वशिष्ठी पाण्डेय, आराध्य जैन, शौर्य जैन, समर्थ सोनी, जिनल नाहटा, मेहुल जैन प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में सभी बच्चों के अभिभावक शामिल हुए। सभी बच्चों को संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी, शिक्षिका प्रीति कुलदीप, करिश्मा साहू, सेजल सांखला, पायल कुंजाम ने बधाई दी है।

**हरिभूमि पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082




























भगवान
महावीर जन्म कल्याणक पर विशेष


समस्त जिलेवासियों को भगवान
महावीर
जन्म कल्याणक
की
हार्दिक बधाई
रमनलाल जैन उद्योग
प्रोपा- अतीन जैन, रोमी जैन


भगवान
महावीर जन्म कल्याणक
की हार्दिक बधाई
जितेन्द्र कुमार जैन
दर्श कुमार जैन
सदर बाजार, राजनांदगांव


समस्त जिलेवासियों को भगवान
महावीर
जन्म कल्याणक
की हार्दिक बधाई
नवीन ज्वेलर्स
गुड़ाखू लाईन, राजनांदगांव
संतोषी मेटल्स
बालगोविन्द चौक, राजनांदगांव


समस्त जिलेवासियों को भगवान
महावीर जन्म कल्याणक
की हार्दिक बधाई
मंगलचंद जी अमरचंद जी गोलछा
गोलछा बुक डिपो, सदर बाजार
अजय क्लॉथ सेंटर, गुड़ाखू लाईन
राजनांदगांव


भगवान
महावीर
जन्म कल्याणक
की
हार्दिक बधाई...
नीलेश लोढ़ा
राजनांदगांव


समस्त जिलेवासियों को
भगवान
महावीर जन्म कल्याणक
की हार्दिक बधाई
- संरक्षक -
श्री पुखराज जी छाजेड़
श्री मूलचंद जी संचेती
श्री रतनलाल जी गोलछा
श्री अशोक जी मोदी
श्री चतरसेन जी जैन
सूरजमल जैन (गिड़िया)
अध्यक्ष
राजेन्द्र जैन (टीटू)
महामंत्री
राजू भंसाली
उपाध्यक्ष
रमेश पारख
सह मंत्री
सुभाष चोपड़ा
कोषाध्यक्ष
शुभेच्छु - श्री साधुमार्गी शांत-क्रान्ति जैन श्रावक संघ, राजनांदगांव


भगवान
महावीर
जन्म कल्याणक
की
हार्दिक बधाई
अरिहंत ज्वेलर्स
उत्तमचंद ललित कुमार मुणोत
दुर्गा चौक, राजनांदगांव


भगवान
महावीर
जन्म कल्याणक
की हार्दिक बधाई
श्रीमती सुषमा जैन
अभिकर्ता, भारतीय जीवन बीमा निगम,
गुड़ाखू लाईन, राजनांदगांव

## सार समाचार

### मां का दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**डोंगरगढ़।** मध्य क्षेत्र के संगठन प्रभारी अजय जामवाल, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी पहुंचे। उनके साथ पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, हरविंदर सिंग मंगे, प्रकाश बिंदल रोपवे से मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने विधि विधान से मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना किया। भाजपा नेता प्रकाश बिंदल के निवास में संगठन संबंधी चर्चा किया। होटज राज इन में चाय पर चर्चा की। संगठन प्रभारी श्री जामवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में भाजपा सभी लोकसभा सीटों को जीतने जा रही है।

### तीन दिवसीय आयोजन आज से



**डोंगरगढ़।** श्री हनुमान युवा समिति के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर शहर को भगवा तोरण, झंडे, महावीर मंदिर प्रांगण को स्वागत गेट, लाइट से सजाया गया है। आयोजन के तहत कल 21 अप्रैल को बाइक रैली, 22 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाला जाएगा। आगमी 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे महा आरती मूछ वाले हनुमान महाराज महावीर मंदिर प्रांगण में होगी। रात्रि 7 बजे संगीतमय हनुमान चालीसा का आयोजन श्री हनुमान चौक रखा गया है। समिति के हनी गुप्ता ने शोभायात्रा में जय बजरंग अखाड़ा, हंसराज धुमाल धमतरी, राम दरबार व उत्तर प्रदेश की हनुमान लीला राम दरबार, आंध्रप्रदेश के हनुमान की झांकी संध्या 5 बजे महावीर मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण के लिए निकलेगी। हनुमान भक्त भंडारा समिति, शक्ति वाहिनी समिति ने नगर वासियो से उपस्थिति की अपील की है।

### रामायण के पात्र पर फैंसी ड्रेस एवं संवाद स्पर्धा



**राजनांदगांव।** जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में रामायण के पात्र पर फैंसी ड्रेस एवं संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें केजी 2, कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों ने रामायण के विभिन्न पात्र की भूमिका का प्रदर्शन किया। कक्षा पहली की छात्रा प्रकृति साहू ने भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं संवाद को बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रकृति के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों व अभिभावकों ने बधाई दी। सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

### कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश आज खैरागढ़ में



**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खैरागढ़ विधानसभा के ग्रामों में कल 21 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल दोपहर 12.30 बजे प्रियंका गांधी की सभा हथौद बालोद में शामिल होंगे। तत्पश्चात 3 बजे मोहड़ डोंगरगांव में प्रियंका गांधी की सभा में शामिल होकर शाम 5 बजे खैरागढ़ विधानसभा के ग्राम पेंड्रीकला, खैरागढ़ शहर राजीव चौक, छुईखदान कांग्रेस भवन, बस स्टैंड, डोकराभांठा, राहुद, करमतरा, रंगकठेरा, शेरगढ़, भोथी, सोनपुरी में जनसंपर्क करेंगे।

### खेत में रखा था शराब, कोचिया से 190 पौवा जब्त



**राजनांदगांव।** खेत में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखे जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और आरोपी से 190 पौवा देशी प्लेन एवं अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। लोकसभा चुनाव के तहत अवैध शराब बिक्री की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा सभी थाना तथा चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। शराब कोचियों पर प्रभावी कार्रवाई हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन पर पुलिस चौकी सुकुलदैहान द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही थी। इसी तारतम्य में 20 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बखत रेंगाकठेरा में किराना दुकान के सामने खेत में राजू सिन्हा नामक व्यक्ति अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखा है।

#### अंग्रेजी व देशी शराब जब्त

मुखबीर के बताए स्थान पर जाकर घेराबंदी व रेड कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी राजू सिन्हा 41 साल निवासी ग्राम बखत रेंगाकठेरा पुलिस चौकी सुकुलदैहा के पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 140 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 12600 रुपए एवं दूसरी सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 40 पौवा बॉम्बे गोआ अंग्रेजी शराब कीमती 6500 रुपए कुल 190 पौवा देशी एवं अंग्रेजी शराब कुल कीमती 19100 रुपए को आरोपी के कब्जे से जब्त कर आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

## मतदान केन्द्रों में बुनियादी व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रसास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारी पहले से ही मानिटरिंग करें और सभी तैयारी रखें।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जनपद सीईओ, सीएमओ, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




#### ओआरएस घोल की उपलब्धता रहे

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते मतदान केन्द्रों में ओआरएस घोल उपलब्ध रहे। अधिकारियों के पास मितानिनों का नंबर होना चाहिए। आदर्श मतदान केन्द्र थीम के अनुसार बनाएं जाएंगे। संगवारी एवं युवा मतदान केन्द्र अच्छे से सजाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सेल्फी जोन बनाएं तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वस्तुओं का भी उपयोग करें। इस अवसर पर उन्होंने स्वीप कार्यक्रम एवं स्वीप संगोष्ठी के संबंध में चर्चा की।

#### अलग से ग्रीन कारिडोर बनाएं

कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से ग्रीन कॉरिडोर बनाएं। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाईड, एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहे।

#### केन्द्र पहुंच मार्ग से रहें सभी अवगत

कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग के संबंध में सभी को अवगत होने कहा। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते आवश्यक दवाइयों का किट भी उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने मतदान दलों के भोजन के संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतदान दलों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने कहा, जिन ग्रामों में दिव्यांगजन है, वहां दिव्यांग रथ होना चाहिए तथा ई-रिक्शा की व्यवस्था होनी चाहिए। हर गांव में प्रकाश की समुचित एवं वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए।

## बघेल लोगों को झूठ परोस रहे : मधुसूदन



**राजनांदगांव।** भाजपा के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल लोगों के बीच झूठी बात परोस रहे हैं। वे पांच वर्षों तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, इस दौरान क्षेत्र की घोर उपेक्षा की, राजनांदगांव का विकास भगवान भरोसे छोड़ रखा था। भाजपा के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने पत्रकारवार्ता में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर झूठ परोसने का आरोप लगाते कहा कि भाजपा सरकार ने राशन कार्डों में दिए जा रहे राशन की किसी भी तरह की कटौती नहीं की है, उल्टे प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुरूप मुख्यमंत्री खाद्यान योजना के तहत दिए जा रहे राशन के अलावा पांच किलो अतिरिक्त राशन मुफ्त में उपलब्ध कराया जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी राशन कटौती की बेबुनियाद बातें प्रचारित कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि भूपेश बघेल का पांच वर्षों का कार्यकाल भ्रष्टाचार की कहानियों से लबरेज रहा। जिससे देश में छत्तीसगढ़ शर्मसार होता रहा। वहीं भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे पूरे पांच वर्षों तक ईमानदारी से जनता की सेवा करते रहे। क्षेत्र में श्री पांडे के प्रयासों से विकास की नई बयार बही। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार 2014 में संसद में अपने उद्बोधन में केन्द्र सरकार को गरीबों-वंचितों के प्रति समर्पित सरकार कहा था। उसी भावना को पिछले 10 साल से लगातार आगे बढ़ाते हुए इस बार के घोषणा पत्र में पहला मुद्दा गरीबों को लेकर आने वाले पांच साल में भाजपा का क्या दृष्टिकोण है, उसे रखा गया है। केंद्र की सरकार गरीबों-वंचितों के प्रति समर्पित सरकार है। इस बार के घोषणा पत्र में भी गरीब किसान का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में पहला मुद्दा ही गरीबों से जुड़ा हुआ है। 80 करोड़ लोगों तक आने वाले 5 सालों में भी मुक्त राशन पहुंचाने का काम किया जाएगा। झोपड़ी में निवासरत गरीब परिवारों को आवास की सुविधा दी जाएगी। वहीं उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों और आने वाले 5 वर्षों में किए जाने वाले कार्यों और वादों को लेकर जानकारी दी।

## महंगाई और बेरोजगारी दूर करेगी कांग्रेस की न्याय गारंटी : भूपेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा कि इस समय देश के जो हालात हैं वो चिंता पैदा करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि देश में कोई भी सर्वेक्षण करवा ले, इस समय 80 प्रतिशत लोगों के लिए महंगाई और बेरोजगारी ही सबसे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि किसानों से लेकर मजदूरों, महिलाओं और युवाओं तक हर कोई परेशान है और इस परेशानी को कांग्रेस दूर कर सकती है।

जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के न्याय पत्र की जानकारी ग्रामीणों से साझा करते उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात है कि दस साल तक केंद्र में सरकार चलाने वाली भाजपा अपने कामकाज के आधार पर वोट नहीं मांग रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके चुनावी शुभांकर है, लेकिन अपने किसी पोस्टर होर्डिंग में वे यह नहीं बता रहे हैं कि वे महंगाई और बेरोजगारी के लिए क्या करने वाले हैं। एक तरफ मोदी पांच किलो राशन की बात करते हैं। दूसरी ओर भाजपा की राज्य सरकार राशन कार्ड से मिलने वाले राशन में 15-20 किलो राशन काट देती है।

श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र देश की आवाज है, देश के हर वर्ग की जरूरतों का प्रतिनिधित्व हमारा न्याय पत्र करता है। एक ओर जहां परिवार की जरूरतों का ख्याल रखने वाली महिलाओं के लिए सालाना एक लाख रुपए देने की बात हमारे घोषणा पत्र का हिस्सा है तो युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार भी हम युवाओं को देंगे। जिसमें युवाओं को ट्रेनिंग के साथ ही एक लाख रुपए का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारा न्याय पत्र किसानों को स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करने की गारंटी देता तो वहीं मनरेगा की दिहाड़ी 400 रुपए करने की बात भी हमारे न्याय पत्र का हिस्सा है। भाजपा और कांग्रेस के घोषणा पत्र का सबसे जरूरी हिस्सा है। युवाओं के लिए रोजगार की बात, कांग्रेस पार्टी जहां युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा करती है तो वहीं भाजपा रोजगार को लेकर एक शब्द भी नहीं कहती। प्रदेश की भाजपा सरकार को निशाना बनाते भूपेश कहते हैं कि भाजपा की सांय-सांय सरकार ने कांग्रेस की जान हितैषी नीतियों में सांय-सांय कटौती कर दी है। बेरोजगारी भत्ता, मजदूर न्याय, गोबर खरीदी जैसी योजनाएं बंद हो गई। वहीं गरीबों के राशन में भी डकैती की पूरी तैयारी है। भाजपा सरकार का इरादा प्रति व्यक्ति केवल 5 किलो चावल ही देने का है, ये भाजपा की जनविरोधी चेहरे को उजागर करता है।

जनसंपर्क के दौरान भूपेश बघेल ने अंबागढ़ चौकी और मोहला क्षेत्र के ग्राम पांगरी, गोर्राटोला, माहुद, आतरगांव, मोहड़, बुटाकसा, खुर्सीटिकल (करमतरा) आड़ेझर, दनगढ़, सोमाटोला, आमाडूला, बोगाटोला, गिधाली, कुम्हली, गोटाटोला, मरारटोला, बुदानकट्टा, भालापुर, रेंगाकठेरा, विजयपुर का दौरा किया। इस दौरान अनिल मानिकपुरी, इंद्रशाह मंडावी, वीरेंद्र मासिया, तेजकुंवर नेताम, मनीष बंसोड़, नोहरू कुमेटी, लता साव, मनीष निर्मलकर, देवानंद कौशिक, ऋषभ ठाकुर, राजेंद्र मांडवी, रितेश, कपिल डोंगरे समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नारी शक्ति का सम्मान भाजपा राज में ही संभव हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव प्रचार को गति देने के लिए भाजपा महिला मोर्चा में युद्ध स्तर पर महतारी वंदन योजना के कार्यक्रमों का आगाज कर दिया है। इसी तारतम्य में आज महिला मोर्चा ने तुमडीबोड, मारगांव आसरा के ग्रामों में महतारी वंदन योजना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने कहा कि भाजपा ने राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाई है और 70 साल के कांग्रेस के इतिहास में कभी भी महिला आरक्षण बिल पास नहीं हो सका, जिसे भाजपा की मोदी सरकार ने पास करवाया। महिलाओं को आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया। सांसद पांडे ने कहा कि मोदी ने कश्मीर से धारा-370 हटाकर देश के मुकुट को सुशोभित किया है। पांडे ने कहा कि महिला घर की लक्ष्मी होती है, इसलिए जिस घर में महिलाओं का सम्मान होता है वह स्वर्ग के समान होता है, इसलिए भाजपा संस्कारों की बात करती है और पहली पूजा माता की करती है। रामनवमी के अवसर पर उन्होंने महिलाओं को प्रणाम करते अपनी बात को आगे बढ़ाया और महिला सशक्तिकरण की बात बताई।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं लोकसभा प्रभारी मधुसूदन यादव ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर प्रहार करते घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कांग्रेस ने 500 प्रति महिलाओं को देने का वादा किया था, परंतु एक भी महिलाओं के खाते में नहीं डाला गया, इसलिए कांग्रेस से विश्वास खत्म हो चुका है। लोकसभा सह-प्रभारी दिनेश गांधी एवं पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने भी महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में लोकसभा महिला संपर्क प्रभारी आभा तिवारी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत योजना के तहत महिलाओं की वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को सिलेंडर मिला है, इसलिए मोदी को आशीर्वाद स्वरूप 26 अप्रैल को तीसरे नंबर पर बटन दबाकर कमल फूल खिलाएं।

#### भाजपा प्रत्याशी संतोष आज डोंगरगढ़ क्षेत्र में



भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे पूरे संसदीय क्षेत्र के धुंआधार जनसंपर्क दौरे में हैं। इसी क्रम में कल वे कुमर्दा में पार्टी द्वारा आयोजित उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विराट जनसभा में शामिल होने के पश्चात डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में व्यापक प्रवास पर रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री पांडे कल 21 अप्रैल को दोपहर 2 बजे ग्राम पुराना अछोली से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे, फिर वे ग्राम धुसेरा, बेलगांव, कलेन्द्रा, ठाकुरटोला, खैरबना, सिवनी, बिजनापुर, मुहारा होते हुए ग्राम चैतुखपरी पहुंचकर आमजनों से मुलाकात करते चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ जिले एवं डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### आज पारख ग्रामीण क्षेत्रों में



**राजनांदगांव।** भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख कल 21 अप्रैल को राजनांदगांव विस क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा कर पार्टी प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में जनसंपर्क कर चुनावी सभाओं के संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री पारख ग्राम धामनसरा, मलपुरी, बेलटिकरी, कुम्हालोरी, कोटराभाठा, बुच्चीभरदा व ग्राम आरला का दौरा करेंगे।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
PARIHAR HOSPITAL
➤ स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
➤ किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
➤ नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
➤ निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
➤ सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

#### विजयी महिलाओं व बच्चों को किया पुरस्कृत

## बागेश्वर धाम में प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मां बम्लेश्वरी पदयात्री सेवा समिति श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, श्री बालरत्न सेवा समिति, दिया संघ गायत्री परिवार व नगर की अन्य सेवाभावी संस्थाओं की पदयात्री सेवा हेतु सेवा पंडाल के अलावा महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न धार्मिक व ज्ञानवर्धक रोचक प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शरद गुप्ता, विजय गुप्ता, रूपनारायण गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, वंदना गुप्ता, माया अग्रवाल, क्रांति मौर्य, मौसमी शर्मा, आशा गुप्ता, सुधा अग्रहरि, प्रतिभा खंडेलवाल, अर्चना अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, यशोदा गुप्ता, श्यामा गुप्ता, प्रतिभा खंडेलवाल, शुभांगिनी गुप्ता, राहुल अग्रवाल, महेश शर्मा, दिनेश अग्रवाल, अक्षय दास राव, विकास गुप्ता, अजय गुप्ता, सुखमन पुरोहित आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी सेवा समिति के

#### धार्मिक स्पर्धा का आयोजन

संयुक्त सेवा समिति के पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता, मनीष यादव व योगेश साहू ने बताया कि आयोजन समिति के पुरूष वर्ग अध्यक्ष संदेश जैन, महिला वर्ग की अध्यक्ष मधु खंडेलवाल के निर्देशन में धार्मिक प्रतियोगिता स्वरूप सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथिगण डीसी जैन, नीरज बाजपेयी, गुरूमुखदास वाधवा, फनेन्द्र जैन, राजेन्द्र बाफना, राजेश शर्मा व अध्यक्षता रामावतार जोशी के आतिथ्य में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आयोजन अध्यक्षों संदेश जैन व मधु खंडेलवाल का भी सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन प्रज्ञा गुप्ता व स्वागत भाषण व प्रतियोगिताओं का संचालन सौरभ खंडेलवाल, पंकज गुप्ता द्वारा किया गया।






**खबर संक्षेप**

### मतदाता जन-जागरुकता रैली निकाली गई

**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला में प्राचार्य एनपी तिवारी के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी केदार चंद्रवंशी एवं एनसीसी अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव के नेतृत्व में मतदाता जनजागरूकता रैली निकालकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान हेतु ग्रामीणों से अपील की गई। वहीं 18 वर्ष पूर्ण कर चुकें युवकों को प्रथम बार वोट हेतु प्रेरित किया गया। मतदान के दिन 26 अप्रैल को चुनई तिहार मनाने हेतु ग्रामीणों से सब काम छोड़कर मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता गण रोहित बिसेन, भाना ध्रव, राम साहू, नागेश्वर भारती, अर्चना वैष्णव, गीता ओइका, महालक्ष्मी सिन्हा, मनीषा शर्मा, उमा साहू, खिलेश्वरी साहू, पवन मेरावी विरेन्द्र वर्के सहित पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय तांत्रिक बाबा)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा,पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

फिर एक बार मोदी सरकार, पूरे देश ने मन बना लिया है कवर्धा भी पीछे नहीं रहेगा: उपमुख्यमंत्री

# नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष में अनेक असंभव काम हुए संभवः विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में भाजपा का कमल खिलाने जोर शोर से प्रसार प्रचार व जनसम्पर्क करने में जुटे कवर्धा विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को लगातार 5वें दिन भाजपा बोड़ला मडल के 14 से अधिक ग्रामों में जनसंपर्क और सभाओं को संबोधित कर भाजपा सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में माहौल बनाया।

उन्होंने तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने लोगों से अपील की। ग्राम लेंजाखार से सभा की शुरुआत करते हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा अनहोनी को होनी करने में केवल मेहनत नहीं लगती, लगता है हौसला, सोच और समर्पण, ऐसा नहीं था कि बीते 10 सालों में चुनौतियां नहीं थीं। इन दस सालों में स्वागत हुआ, तालियां मिलीं, आलोचनाएं भी मिलीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत कुछ ऐसा किया जो इतिहास के पन्नों में दर्ज किया जाएगा।

कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, उनके कार्यकाल में श्रीराम मंदिर बनना, सीएए, ट्रिपल तलाक जैसे कानून बनाना, आतंकवाद नक्सलवाद को मुहतोड़ जवाब देने का कार्य हुआ, सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को बता दिया भारत में आतंकवाद, अलगाववाद के लिए को स्थान नही है। उन्होंने भारत के सांस्कृतिक विरासत को गौरवशाली बनाने के लिए अनेक कार्य किए। श्री शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री ने सभी वर्ग को लेकर अनेक कार्य किए डिजिटल इंडिया, जनधन खाते खोलना हो, प्रधानमंत्री आवास, हर घर नल से जल, उज्जवला योजना, किसानों को फसल बीमा, प्रत्येक योजना को तय समय में अंतिम व्यक्ति तक शत प्रतिशत पहुंचाने का कार्य कोई कर सकता था तो नरेन्द्र मोदी ही थे। जिन्होंने देश को विकसित रास्ट्र बनाने के दिशा में 18-18 घंटे मेहनत कर देश को परिणाम दिया। रेल्वे, शिक्षा, हाइवे के साथ-साथ लोकल फार वोकल का विजन देकर भारत के स्थानीय उत्पादों को बाजार देने का कार्य किया।

### तीसरी बार पीएम बनेंगे तो डबल ईंजन की सरकार में और बड़े-बड़े निर्णय होना तय है



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा नें कहा छत्तीसगढ़ के किसानों, गरीबों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति वर्ग के लोगों, पिछड़ा वर्ग के लोगों का हक मारने, महादेव एप का घोटाला करके युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने और गौधन न्याय योजना तक में घपलेबाजी करने वाले भूपेश बघेल की विदाई कर आप लोगों ने भाजपा की विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ में बनाई है। सहज सरल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तय सीमा में मोदी की गारंटी वाली संकल्प पत्र के सभी बड़े वादों को पूरा करते हुए किसानों का समर्थन मूल्य, महतारी वंदन योजना, दो वर्ष का पुराना बकाया बोनस व तेंदुपत्ता का बढ़ा हुआ समर्थन मूल्य दे दिया। महज तीन माह में ही विष्णुदेव साय ने जनता को किए वादे निभाने शुरू कर दिए, उन्होंने कहा आपको चिंता नहीं करना है जो भी जनता के हितकर निर्णय है, विकास के कार्य है बहुत तेज गति से पूरे होंगे। उन्होंने कहा तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेगे तो डबल ईंजन की सरकार में और बड़े-बड़े निर्णय होना तय है, उन्होंने तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय को भारी बहुमत से विजय दिलाने कि अपील की। इस दौरान पूर्व विधायक मोतीराम चन्द्रवंशी सहित जिले व मंडल के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्री शर्मा के साथ व्यापक जनसंपर्क किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता गण ग्रामीण जन उपस्थित थें।



# भूपेश बघेल को विजयी बनाने लगातार जनसंपर्क कर रहेः बैद्यनाथ चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भारी मतों से विजयी बनाने क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। जिसमें पूर्व अध्यक्ष अपैक्स बैंक बैजनाथ चंद्राकर, पूर्व सोसाइटी समिति अध्यक्ष मनोहर चंद्राकर द्वारा पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम परसवारा, कुम्ही, धोबघट्टी, खरहट्टा, महली, भैसबोड़, महका, बघर्रा में लगातार संघन जनसंपर्क कर भूपेश बघेल के पक्ष में वोट मांग रहे हैं।

बैद्यनाथ चंद्राकर द्वारा विधानसभा पंडरिया में पहले से ही सक्रिय व चंद्राकर कुर्मी समाज के साथ-साथ और सभी वर्ग में अच्छी पकड़ होने के साथ ही साथ घर-घर जाकर डोर-टू-डोर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। श्री चंद्राकर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रवासियों को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री था तो अनेक योजनाएं लाए जिसमें गरीब मजदूर किसान स्वयं सहायता समूह के साथ-साथ किसानों का कर्ज माफ किया, महिला समूह को गौठान के माध्यम से काम मिला, बेरोजगारी भत्ता दिया युवा को इस प्रकार सभी वर्ग को सीधा फायदा पहुंचा।

इसका लाभ भी मिला आज राजनांदगांव कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल इन्हीं योजनाओं को मतदाताओं को घर-घर कार्यकर्ताओं के साथ भेंट-मुलाकात एवं चर्चा किया जा रहा हैं और साथ ही साथ मतदाताओ से मिलकर अपना बहुमूल्य वोट भूपेश बघेल के पक्ष में वोट करने अपील किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# वन्यप्राणी सुरक्षा, अग्नि, रात्रि गश्त व अवैध अतिक्रमण को लेकर सराहनीय पहल

## क्षेत्र सुरक्षा को लेकर किए जा रहे भरसक प्रयास



- वन क्षेत्र में वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा की दिशा में विभाग सुदृढ़ हो रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा वनमंडल अंतर्गत वन्यप्राणी सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, रात्रि गश्त, अवैध अतिक्रमण एवं वन क्षेत्र सुरक्षा को लेकर भरसक प्रयास किए जा रहे है। वनमंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि वनों की सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए वनक्षेत्र के क्षेत्रीय कर्मचारियां को रात्रि गश्त के लिए आधुनिक उपकरण जैसे स्मार्ट स्टीक, एलईडी हैण्ड टार्च, बैटरी टार्च, हैड लैंप, प्लास्टि राड (लाठी) और जंगल जूते वितरीत किए गए है, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सकें। इन उपकरणों का प्रयोग कर क्षेत्रीय कर्मचारी एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकेंगे। संप्रदाय किए गए सभी उपकरणों में से स्मार्ट स्टिक अत्यधिक कारण है जो की विशेष रूप से पैदल गस्ती के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा के विशेष योगदान देगा। यह स्मार्ट जिला पोर्टेबल है एवं स्टेट में एलईडी लाइट भी लगे हुए हैं, जिनका उपयोग रात्रि के समय टॉर्च के रूप में एवं रात्रि में विश्राम स्थल पर उसकी लाइट बढ़ाकर भी किया जा सकता है इसके साथ ही यदि कोई वन्य प्राणी अत्यधिक निकट आ जाए या आक्रमण करने की स्थिति में निकट आ जाए तो स्टिक से का करंट का झटका भी वन्य प्राणी को दिया जा सकता है, जिससे कि डरकर दूर भाग जाएगा एवं वन्य प्राणी एवं कर्मचारी दोनों सुरक्षित रहेंगे। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपकरण साबित होगा साथ ही साथ वन क्षेत्र में ट्रैकिंग का शौक रखने वाले भी इस उपकरण का उपयोग कर सकते हैं। अन्य उपकरण जैसे हेडलैंप एमपी जंगल जूते आज भी कर्मचारियों को पैदल गस्ती करने में अत्यधिक सहूलियत प्रदान करेंगे। इन उपकरणों के प्राप्त हो जाने से हमारे मैदानी हमले का अत्यधिक उत्साहवर्धन हुआ है और वह इसका उपयोग कर अपने वन क्षेत्र में भ्रमण करते हुए नजर आ रहे हैं। जिससे वन क्षेत्र में वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा की दिशा में विभाग सुदृढ़ हो रहा है।

# प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व बदलाव आया और विश्व पटल पर भारत की छवि सशक्त हुईः भावना बोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने शनिवार को ग्राम गैंदपुर, बाजार चारभाठा, वीरेंद्रनगर, सिंघनगढ़, मोहतरा, रमतला, पेंड्री, दलपुरवा एवं सोमनापुर में जनसंपर्क किया और 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान में भाजपा को प्रचंड विजय दिलाने के लिए मतदान करने कि अपील की। इस दौरान उन्होंने महतारी वंदन कार्यक्रम में महिलाओं से संवाद किया और उन्हें संबोधित कर केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय भी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, देश को सुरक्षित रखने, आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने और देश को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा चुनाव लड़ रही है। इन लक्ष्यों की सिद्धि के लिए तीसरी बार प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को आपका एक वोट छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश के विकास और जनकल्याण की नीतियों को गति देगा। भाजपा का लक्ष्य हमेशा ही विकास और जनकल्याण का रहा है। अपने लक्ष्यों के प्रति अडिग होकर भाजपा ने हमेशा ही राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कई ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में हुए हैं।

### महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैंः विधायक

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में आप सभी अधिक से अधिक मतदान करें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ भाजपा को वोट करें। आज नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार लगातार जनहित से जुड़े विषयों एवं विकास कार्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से आज हमारे प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, महिला स्वसहयता समूहों की बहनों को रेडी-टू-ईट के माध्यम से फिर से उनका अधिकार वापस मिला, युवाओं के भविष्य की चिंता करते हुए पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच का विषय हो या किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस एवं 31 सौ रुपए में धान खरीदी हो हमारी सरकार ने सभी वर्गों का ख्याल रखा है। आने वाले समय में भी मोदी की गारंटी में किए हर वादें पूरे होंगे। इसके लिए हमें छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनाना है और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

### मोदी सरकार की सराहनीय योजनाओं एवं विकास कार्यों से आज जन-जन मोदी के साथः संतोष पाण्डेय

राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने कहा कि मोदी की गारंटी से आज हमारा प्रदेश और देश आने वाले पांच वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। हमारे राजनांदगांव लोकसभा में भी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। रेल, सड़क, बिजली, पानी, आवास, शौचालय और जनता की मूलभूत आवश्यकताओं से लेकर क्षेत्र के विकास हेतु मोदी सरकार की सराहनीय योजनाओं एवं विकास कार्यों से आज जन-जन मोदी के साथ है और लोकसभा चुनाव में हम राजनांदगांव लोकसभा सहित सभी 11 सीटों में प्रचंड मतों से जीत दर्जकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाएंगे।

# पिपरिया में जोत जंवारा विसर्जन व रामनवमी मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

नगर पिपरिया में श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर भगवान श्रीराम-जानकी बड़े मंदिर, श्रीराम जानकी छोटे मंदिर एवं भगवान जगन्नाथ मंदिर में भगवान के जन्मोत्सव पर तीनो मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई, तत्पश्चात भव्य बाजे-गाजे डीजे के धून में गाचते गाते व थिरकते हुए भव्य आतिशबाजी के साथ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व भक्त हनुमान जी महाराज की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें नगर के प्रमुख चौंक चौराहों व गली मोहल्ला तथा प्रमुख मार्ग होते हुए छोटे बाजार एवं बड़े बाजार से मां सतबहिनियां मंदिर पहुंची। जहां श्रद्धालुओं व भक्तजनों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई। साथ ही साथ जोत ज्वांरा विसर्जन किया गया। जिसमें भक्तजनों द्वारा नौ दिनों तक माता रानी की जस सेवा कर जसगीत के साथ नगर भ्रमण कर ज्योति-जंवारा विसर्जन किया गया है तथा गत पचासों वर्ष से परम्परानुसार श्रीराम नवमी मेले का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक इंद्र कुमार केशरी, गेंदलाल केशरी, पूरन केशरी, संदीप केशरी, नागेश्वर केशरी, बहोरन देवांगन, घुरूवाराम साहू, विक्की अग्रवाल, झगराम साहू, नंदकुमार शर्मा, दशरथ सोनी, बलदाऊ केशरी, हेमंत केशरी, खेलन साहू, लोकेश साहू, उज्जवल दूबे, गुल्ला केशरी, नीलू केशरी, महंत मोहित दास, अभिजित केशरी सहित नगर एवं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

### भानपूर-चेचानमेटा में जोत ज्वांरा ज्योति कलश विसर्जन किया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम भानपूर-चेचानमेटा में वासंती नवरात्रि पर्व में जोत ज्वांरा ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। वहीं ग्रामीणों व भक्तजनों द्वारा नौ दिनों तक माता रानी की विधि विधान से भक्तिभाव से साथ पूजा-अर्चना किया गया। वहीं जसगीत माता की भजन कीर्तन किया गया साथ ही साथ प्रतिदिन दर्शन करने श्रद्धालुओं व भक्तों की भीड़ बड़ी संख्या में पहुंचकर दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं नगर भ्रमणकर बाजे-गाजे के साथ स्थानीय फोक नदी में जोत ज्वांरा ज्योति कलश विसर्जन किया गया, जिसमें ग्रामीण व श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

ग्रामीणों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय स्वागत

# भूपेश बघेल की बेटी स्मिता ने किया पिता का प्रचार

- ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर भारी मतों से विजयी बनाने की गई अपील।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव/पाण्डातराई



राजनंदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के सुपुत्री श्रीमती स्मिता बघेल द्वारा विधानसभा पंडरिया क्षेत्रांतर्गत संघन दौराकर पिता भूपेश बघेल का प्रचार प्रसार किया साथ ही साथ पांच वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक विकास व सभी वर्ग के लिए योजनाएं को अवगत किया। भूपेश बघेल के 5 साल में जो विकास किया जिससे छत्तीसगढ़ में एक अलग पहचान है इन्हीं योजनाएं और विकास को देखते भूपेश बघेल के पक्ष में भारी वोट से वियजीय बनाने अपील की गई। विधानसभा पंडरिया क्षेत्र के ग्राम पेंड्रीकला में स्मिता बघेल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत फूल माला से किया गया। ग्राम पेंड्रीकला में ग्रामवासियों व महिलाओं से भेट-मुलाकात तथा भूपेश बघेल को विजयी बनाने अपील किया, इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना में 9.97 करोड़ रुपए का भुगतान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



विकासखण्ड पंडरिया स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी कारखाना से 9.97 करोड़ रूपए का भुगतान जारी किया गया। पंडरिया क्षेत्र के शेयरधारी 7741 किसानों से 3.13 लाख मीट्रिक टन गन्ने की खरीदी की गई थी, जिसका एफआरपी दर पर मूल्य 91 करोड़ हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार 9.97 करोड़ रूपए जारी होने के साथ ही साथ 50.73 करोड़ की भुगतान पूर्ण हो गया शेष राशि 40.27 का भुगतान फंड्स प्राप्त होते ही जल्द कर ली जाएगी। ज्ञात हो की 20 जनवरी 2024 तक गन्ना बेचने वाले किसानों की राशि खाते में डालने हेतु बैंक को प्रेषित कर दी गई है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### मतदाता जागरुकता के तहत कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य लगातार चल रहा है। शासकीय शालाओं में पदस्थ शिक्षिकाओं के मध्य गत दिवस शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र राजनंदगांव के लिए 26 अप्रैल 2024 को दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे। जिसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा लगातार जागरूकता लाने प्रयास कर किया जा रहा है।

### डीयू के रोके गए परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के रोके गए परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें सेमेस्टर परीक्षा वर्ष 2020, 2022, 2023 अंतर्गत बीएड, एमएससी भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणिशास्त्र पाठ्यक्रम शामिल हैं। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड है। संबंधित विद्यार्थी हेमचंद विवि की वेबसाइट देख सकते हैं।

### प्रवेश व पात्रता परीक्षा की तारीख में किया संशोधन

**कवर्धा।** व्यापमं ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न प्रवेश व पात्रता परीक्षाओं की परीक्षा तारीख में संशोधन किया है। लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के कारण प्रवेश व पात्रता परीक्षा की पूर्व निर्धारित परीक्षा तारीख में संशोधन किया गया है। पीईटी, प्रीएमसीए, पीपीएचटी की परीक्षा 13 जून को होगी। पीएटी/पीवीपीटी, बीएससी (कृषि), बीएससी (उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा और मात्स्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्री-बीएबीएड और प्री-बीएससीबीएड की परीक्षा 16 जून को होगी। परीक्षा कार्यक्रम को लेकर व्यापमं की वेबसा सूचना अपलोड की गई है।

### सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर रखने निर्देश

**कवर्धा।** कलेक्टर ने दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर रखने के निर्देश दिए। उन्हांने जिले के सभी जनपद सीईओ को व्हील चेयर की समुचित व्यवस्था बनाने के लिए कहा है।

**मौत:** ग्राम बिशेसरा और अघोरपीठ के बीच मिला शव

# गांव में युवक का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

जिले के थाना क्षेत्रों में आपराधिक बारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आलम ये है कि जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर जिले के ग्रामीण और वनांचल ईलाकों से लगातार आपराधिक बारदातों के साथ ही हत्या जैसे संगीन मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्र से सामने आया है।

जहां एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। हालांकि अभी तक युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन स्थिति परिस्थिति को देखते हुए मामला संदिग्ध जान पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को पांडातराई थाना अंतर्गत ग्राम बिशेसरा और अघोरपीठ गांव के बीच स्थित शासकीय भवन के पीछे खुले मैदान में लगभग 30 से 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव ग्रामीणों ने जमीन पर पड़ा देखा।

बताया जाता है कि स्थानीय ग्रामीणों की शव पर नजर पडऩे के बाद वे हक्केबक्के रह गए और उन्होने इसकी सूचना तत्काल पाण्डातराई पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर कर लिया। साथ ही पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। जिसके बाद मृतक का नाम प्रेमसिंह पिता किशन आयु 35 वर्ष निवासी दलगिर जिला किशनगंज बिहार के रूप में की गई है। बहरहाल पुलिस ने मृतकि का शव बरामद कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया के कुकदुर, पंडिरया, कुण्डा, पाण्डातराई जैसे थाना क्षेत्रों में लगातार हत्या और दूसरे अपराधों की घटनाएं सामने आ रही है। जिन्हें रोकने के लिए पुलिस प्रशासन बेतहर कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

## सड़क निर्माण में काम करता था युवक



वहीं आसपास के लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक बिहार का रहने वाला था, जो पोड़ी-पंडरिया सड़क निर्माण में काम करता था। लेकिन कोई यह नहीं बता पा रहा है कि युवक की मौत कैसे हुई। बहरहाल क्षेत्र में इस तरह से युवक का शव मिलने से लोगों में दहशत व्याप्त है।

### मृतक का शव बरामद कर हर एंगल से जांच में जुटी पाण्डातराई पुलिस

वहीं पाण्डातराई पुलिस का कहना है कि उसने ग्रामीणों की सूचना पर मौके से मृतक का शव बरामद किया है और पुलिस हर एंगल से जांच करने में जुटी है। पाण्डातराई थाना प्रभारी ने कहा कि यह हत्या है या फिर आत्महत्या इसकी जानकारी पोस्टमार्टम के बाद ही सामने आ पाएगी। लेकिन शव की स्थिति को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है क्योंकि की युवक के शव में कई स्थानो पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं।



# जोगी कांग्रेस अजा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सहित 100 कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

- सतनामी समाज के साथ आने से भाजपा को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लोकसभा चुनाव में भाजपा के कामकाज और आम लोगों के लिए सर्वांगीण विकास के गति को देख कर एवं कवर्धा विधायक व डिप्टी सीएम विजय शर्मा के जनप्रियता से प्रभावित होकर जोगी कांग्रेस के अनुसुचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गणेश पात्रे ने अपने 100 कार्यकर्ता के साथ विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

जिनका एक कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया और पार्टी की सदस्यता दिलाई। उल्लेखनीय है कि इस लोकसभा चुनावी समर में लगातार अन्य दलों के कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी है।

इसी कड़ी में सतनामी समाज के गुरु विजय कुमार की सुपुत्री गुरु दीदी प्रियंका भी बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष पहल पर भाजपा में शामिल हो चुकी है। लगातार भाजपा को अब सतनामी समाज अपनाने जा रहा है। माना जा रहा है कि इसका लाभ भाजपा को लोकसभा में मिलेगा और वहीं वपिक्षणी दल कांग्रेस को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# चुनावीरण फतह करने दोनों दलों द्वारा लगाया जा रहा एंड़ी चोटी का जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है राजनांदगांव लोकसभा के भाजपा तथा कांग्रेस प्रत्याशी और उनकी पार्टियां अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने ऐड़ी चोटी का जोर लगाते दिखाई दे रही है। भाजपा की बीत की जाए तो भाजपा के स्आर प्रचार और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा प्रायः हर रोज कवर्धा पहुंच रहे हैं और भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में हर रोज कई-कई ग्रामों का सघन दौरा कर सघन प्रचार कर रहे हैं। वहीं पंडरिया विधायक भावना बोहरा से लेकर पूर्व सांसद अभिषेक तथा भाजपा के अन्य पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता भी लगातार चुनावीरण में मतदाताओं के बीच पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर प्रदेश तथा केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही योजनाओं और चुनावी घोषणा पत्र के वायदों को लोगों तक पहुंचा रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्षी दल कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल तथा उनकी पार्टी भी चुनाव प्रचार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। हालांकि भाजपा की अपेक्षा कांग्रेस खेमे से चुनावीरण में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने वाले कोई बड़े चेहरे कम से कम कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा में नजर नहीं आ रहे हैं। पंडरिया विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, भाटापारा विधायक व दूसरे कांग्रेसी विधायक जरूर पंडरिया क्षेत्र में सघन दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में माहौल बनाने में जुटी हुई है। इसके अलावा स्वयं भूपेश बघेल भी चुनाव प्रचार में लगातार पसीना बहाते दिखाई दे रहे हैं। लेकिन राजनांदगांव लोकसभा की आठ विधानसभाओं में अकेले चुनाव प्रचार कर पाना उनके लिए भी संभव नहीं दिखाई दे रहा है। संभवतः यही वजह है कि अब कांग्रेस प्रत्याशी श्री बघेल की सुपुत्री भी अपने पिता के चुनाव प्रचार के लिए चुनावीरण में उतर आई हैं। जानकारी के मुताबिक भूपेश बघेल की सुपुत्री श्रीमती स्मिता बघेल ने पूर्व विधायक ममता चन्द्राकर के साथ विधानसभा पंडरिया क्षेत्र का सघन दौरा कर रही है और अपने पिताजी के 5 साल के विकास कार्यो को लोगों तक पहुंचा रही है। हाल ही में उन्होने विधानसभा पंडरिया के ग्राम पेंड्रीकला सहित कई ग्रामो का दौरा किया है। कुल मिलाकर देखा जाए दोनो ही प्रत्याशियों की ओर से चुनावी रण फतह करने ऐड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है। लेकिन देखने वाली बात होगी चुनावीरण आखिर कौन फतह करता है।

## चुनाव प्रचार...




पाण्डातराई। पिता भूपेश बघेल का चुनाव प्रचार करने चुनावीरण में उतरी बेटी श्रीमती स्मिता बघेल।

# 31 पौवा देशी अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




मुखबिर की सूचना पर चौकी रणवीरपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 31 पौवा देशी शराब जप्त की है तथा आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार के अनुसार बीते शुक्रवार को रणवीरपुर चौकी पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिया में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेंच रहा है। मुखबिर की इस सूचना पर पुलिस चौकी रणवीरपुर प्रभारी उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी ने तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में एक टीम गठित कर मौके पर दबिस दी और घेराबंदी कर मुखबिर के बताए हुलिया एवं नाम के व्यक्ति आरोपी चांदखान पिता स्व. तरीम खान आयु 45 वर्ष निवासी जमुनिया चौकी रणवीरपुर थाना स. लोहारा को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कब्जे 31 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त की है। जिसकी किमती 2790 रूपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# आज धूमधाम से मनाई जाएगी महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

तीर्थंकर प्रभु महावीर का 2624 वां जन्म कल्याणक उत्सव धर्मनगरी कवर्धा में 21 अप्रैल रविवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।



इस संदर्भ में बीते दिनो जैन श्री संघ की बैठक कवर्धा में आयोजित कर रूप रेखा पहले ही तय की जा चुकी है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार महावीर जयंती के मौके पर रविवार 21 अप्रैल को प्रातः 06:15 बजे प्रभात फेरी श्री वर्धमान स्थानक भवन से, प्रातः 06:45 बजे सामूहिक प्रार्थना श्री वर्धमान स्थानक भवन में, प्रातः 07:00 बजे श्रीसंघ की नवकारसी, प्रातः 09:20 बजे तक प्रातः 09:30 बजे प्रभु महावीर स्वामी का भव्य वरघोड़ा श्री जैन श्वेताम्बर मंदिर जी से प्रारंभ होकर महावीर स्वामी चौक आजाद चौक दर्री पारा, ठाकुरदेव चौक, नवीन बाजार गुरुगोविंद सिंह चौक, गुरू तेगबहादुर चौक, वीर स्तंभ चौक में ध्वजारोहण एवं ध्वज वंदन गायत्री मंदिर चौक एकता चौक होते हुए शहर भ्रमण करेगा।

समाज द्वारा इस आयोजनों को लेकर जोरदार तैयारी की गई है। वहीं समाज में तीर्थंकर प्रभु महावीर का 2624 वां जन्म कल्याणक उत्सव को लेकर खासा उतसाह देखा जा रहा है।

# कवर्धा मेडिकल कॉलेज जल्द शुरू करने उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में चि कि त सा सुविधा को अत्यधिक और आम लोगों की पहुंचे योग्य बनाने के लिए पूरे देश में चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना की शुरुआत की है।

2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद 262 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं। 2014 से पहले देश में कुल 380 मेडिकल कॉलेज थे जो बढ़कर 642 हो गए हैं । इसी तारतम्य मे कबीरधाम में नए चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किए जाने के लिए राज्य शासन द्वारा लागत राशि 306.23 करोड़ रूपये के मान से चिकित्सा महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर मेडिकल कॉलेज स्थापना में हो रही देरी की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। उन्होंने कहा चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए वर्तमान में जिला चिकित्सालय कबीरधाम में संचालित अस्पताल को अपग्रेड करने की कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

क्योंकि वर्तमान व्यवस्था में महाविद्यालय की न्यूनतम अहर्ताएं पूरी नहीं की जा सकती उन्होंने पत्र में स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया है कि जिला चिकित्सालय कबीरधाम मैं उपलब्ध बिस्तरों के साथ-साथ समीपस्थ आयुष विभाग के भवन जिसे पूर्व में जिला चिकित्सालय द्वारा कोविड केयर सेन्टर के रूप में संचालित किया जा चुका है, को भी अतिरिक्त 100 बेड अस्पताल में अपग्रेड किया जा सकता है, ताकि चिकित्सा महाविद्यालय संचालन में न्यूनतम मानक की प्रतिपूर्ति हो सके।

उपमुख्यमंत्री ने आग्रह किया है कि कबीरधाम में शीघ्र चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किये जाने की दृष्टि से जिला शासकीय चिकित्सालय कबीरधाम को निर्धारित मानक के अनुरूप अपग्रेड करने हेतु संबंधित को समुचित निर्देश जारी करे।

## कलेक्टर ने की मतदान केन्द्रों की स्थिति सहित महत्वपूर्ण तैयारियों की समीक्षा

# भीषण गर्मी की संभावना को देखते हुए मतदान केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्थ करने निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लोकसभा संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा में महिला, युवा, दिव्यांग द्वारा संचालित मतदान केंद्र, आदर्श मतदान केन्द्र की मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने तथा वेब कास्टिंग के संबंध में जिले के सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मतदान केन्द्रों की स्थिति, मतदान दलों के रूट चार्ट आने-जाने का रास्ता, वेब कास्टिंग सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों पर समीक्षा हुई। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कुल 804 मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि जिले के दोनों विधानसभा के 150 मतदान केन्द्रों में पुरूष सहित महिला मतदान अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, इन मतदान केन्द्रों में सुरक्षित रुकने और यात्रा की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इसके लिए जनपद मुख्यालय में रिजर्व वाहन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं और पुरुषों के रुकने के लिए अलग-अलग कमरे और शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन अधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल एवं अन्य उपयोग के लिए जल पर्याप्त होना चाहिए। पेयजल के लिए मतदान केंद्र में प्याऊ केंद्र रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे मतदान भवन केन्द्र की अच्छी स्थिति सहित बिजली, पेयजल, छांव, रैंप, फर्नीचर, शेड, पार्किंग, महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था मतदान दलों की ठहरने की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मतदाता सुविधा केन्द्र, मतदाताओं के मतदान स्थलों तक पहुंचने के लिए रास्ता, साइन बोर्ड लगे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए बुजुर्गों, गर्भवती माताओं और दिव्यांगो को प्राथमिकता में रखकर मतदान करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जिले से श्रमिक रोजगार के लिए अन्य राज्य पलायन करते है उन श्रमिकों को मतदान दिवस के दिन मतदान के लिए जागरूक करें। इसके लिए बाहर से आने वाले बस स्टॉपेजों पर स्वीप टीम द्वारा उनका स्वागत करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करें।

# शहर के यातायात को व्यवस्थित करना हम सबकी जिम्मेदारी: चेम्बर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज़ एवं कवर्धा यातायात विभाग की महत्वपूर्ण बैठक गत शुक्रवार को आयोजित की गई। स्थानीय यातायात कार्यालय एकता चौक में आयोजित इस बैठक में यातायात प्रभारी प्रवीण खलको ने कवर्धा शहर में यातायात के बढ़ते दबाव, एक्सीडेंट, पार्किंग समस्या, सड़क किनारे लगने वाली दुकानों इत्यादि के संबंध में यातायात पुलिस को आ रही व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराते हुए चेम्बर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील की है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने शहर में यातायात के बढ़ते दबाव को लेकर काफी चिंता जाहीर करते हुए व्यावहारिक समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी जिसमें चेम्बर ने कहा कि कवर्धा में पार्किंग स्थल की बड़ी समस्या है, हमें बाजार क्षेत्र को अलग अलग जोन में विभाजित करके उनके लिए छोटे छोटे पार्किंग स्थल को चिन्हनकित करने कि जरूरत है, कार पार्किंग की बजाय दोपहिया गाड़ियों कि पार्किंग आसान और चालित होता है इस पर विचार करने कि जरूरत है। बैंक और अन्य व्यावसायिक परिसर में पार्किंग कि सुविधा को बंद रखा गया है इस पर भी विचार करने कि जरूरत है। दर्री पारा लाइन में बैंक की अधिकता है और पार्किंग सुविधा शून्य जिसके कारण अक्सर इस रोड मे जाम लगता है, जब पार्किंग कि सुविधा बैंक ना दे तो उपभोक्ता क्या कर सकता है ? ऐसे बैंक के लिए प्रशासन को कड़ी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। बैठक मे चेम्बर के जिलाध्यक्ष आकाश आहूजा, यातायात प्रभारी प्रवीण खलको, विभाग से राकेश गौतम, विक्रांत गुप्ता आदि उपस्थित थे।